>

Title : Need to construct a four lane bridge on NH 8 at Jadeshwar in Gujarat.

श्री मनसुखभाई डी. वसावा (भरूच): बड़ोदरा-भरूच-सूरत के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 8 पर 6 लाइन का मार्ग का कार्य पूरा हो गया है। नर्मदा नदी के जडेसवर स्थान पर एक नया पुल दो लाइन का बना हुआ है। छः लाइनों के इस राष्ट्रीय राजमार्ग पर छः लाइनों के पुल के स्थान पर दो लाइनों का पुल होने के कारण इस मार्ग से गुजरने वाले वाहनों का जाम इस पुल के प्रवेश द्वार पर भीषण रूप से हो जाता है, जिसके कारण लोगों को बहुत असुविधा होती है। अगर यह पुल छः लाइनों का हो तो यातायात सुचारू रूप से चल सकता है। परन्तु केंद्र सरकार के अनुबन्ध के कारण छः लाइनों का निर्माण वर्ष 2012 में शुरू होगा। लोगों का कहना है कि जब राष्ट्रीय राजमार्ग छः लाइनों का है तो पुल दो लाइनों का बनाने का क्या कारण है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 8 नर्मदा नदी के जडेसवर स्थान पर दो लाइनों के पुल के साथ चार लाइनों का एक और पुल बनाया जाये, जिससे इस मार्ग पर लंबी दूरी के यातायात का जाम न हो सके।